(ख) यदि हां, तो बड़ी लाइनों के मार्गों पर चलाने हेतु भविष्य में कितनी यात्री बोगियों की आवश्यकता पड़ेगी;

(ग) यह आवश्यकता किस तरह से पूरी की जाएगी;

(घ) क्या सरकार मीटर लाइन की बोगियां बनाने वाले विद्यमान उपक्रमों को बड़ी लाइन की बोगियां बनाने के लिये सक्षम बनाएगी;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

रेल मंत्री (श्री सी॰ के॰ जाफर शरीफ): (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) से (च) रेलवे क्षेत्र के अंतर्गत बड़ी लाइन के सवारी डिब्बे निर्मित करने की क्षमता पर्याप्त है। अतः मैसर्स जेसप्स, जो मी॰ला॰ के सवारी डिब्बे और ब॰ला॰ के ई॰एम॰यू॰ का निर्माण कर रहा है, को रेलों के लिए बड़ी लाइन के सवारी डिब्बों का निर्माण करने की आवश्यकता नहीं होगी।

अहमदाबाद और दिल्ली के बीच यातायात का सर्वेक्षण

3001. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कुछ समय पहले अहमदाबाद और दिल्ली के बीच बड़ोदरा-गोधरा-रतलाम-कोटा के मार्ग से होकर यातायात सर्वेक्षण कराया है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार इस लाइन पर एक नई रेलगाड़ी चलाने का विचार रखती है;

(घ) यदि हां, तो इस रेलगाड़ी को कब से चलाया जाएगा; और

(ङ) यदि नहीं तो उसके क्या कारण है?

रेल मंत्री (श्री सी॰ के॰ जाफर शरीफ़): (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) जी नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) परिचालनिक कठिनाइयों तथा संसाधनों की तंगी।

सूरत में भूमि का अधिग्रहण

3002. **श्रीमती चन्द्रिका अभिनन्दन जैन:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि रेल प्रशासन ने गुजरात में सूरत नगर के वराच्छा रोड पर रहने वाले लोगों को रेल की बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए भूमि के अधिग्रहण हेतु सूरत नगरपालिका को एक प्रस्ताव भेजा है;

(ख) यदि हां, तो क्या राज्य सरकार ने इस संबंध में कोई अधिसूचना जारी की है; क्या सूरत के जिलाधीश और सूरत नगरपालिका के आयुक्त ने रेलवे प्रशासन को यह भूमि सौंपने के लिए अपना अनुमोदन दे दिया है;

(ग) अधिग्रहण के लिए प्रस्तावित इस भूमि पर कौन-कौन सी नई सुविधाएं दी जाएंगी; इस पर कितनी लागत आएगी; और

(घ) उसका पूरा ब्यौरा क्या है?

रेल मंत्री (श्री सी॰ के॰ जाफ़र शरीफ़): (क) जी हां।

(ख) से (घ) सूरत नगर निगम को इस भूमि पर परिचलन क्षेत्र और पार्किंग सुविधाओं का विकास करना है। राज्य सरकार ने भूमि के अधिग्रहण के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। चूंकि सूरत नगर निगम द्वारा स्वयं परिचलन क्षेत्र और पार्किंग स्थल का विकास किया जाना है इसलिए रेलवे द्वारा भूमि का अधिग्रहण नहीं किया जाना है।

Providing Facilities at Jalandhar Railway Station

3003. SHRI IQBAL SINGH: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that facilities provided at Jalandhar Railway Station are in consistent with tremendous increase in population of the Jalandhar District since partition;

(b) if so, what steps are being taken to increase the facilities in terms of population of the district;